संख्या:375/2023/974/35-4-2023/001-35-4099/156/2021

प्रेषक,

डॉ0 संजीव भारद्वाज,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अयोध्या।

नियोजन अनुभाग-4 दिनांक: 24 मार्च, 2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद अयोध्या में शासनादेश संख्या-224/2021/1929/35-4-2021,दिनांक 15 नवम्बर,2021 द्वारा शहरी क्षेत्र नगर निगम अयोध्या में सड़क निर्माण से संबंधित 60 कार्यों की रू0 4786.60 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 940.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। तत्पश्चात में शासनादेश संख्या-362/2022/1353/35-4-2022/001-35-4099/156/2021, दिनांक 04 नवम्बर,2022 द्वारा उक्त 60 में से 40 कार्यों हेतु द्वितीय किश्त रू0 2173.42 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी के पत्रांक-886/त्व0आ0वि0यो0/2021-22, दिनांक 16 मार्च 2023 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत 60 कायों में से प्रश्नगत 12 कार्यों की अनुमोदित लागत रू0 1144.10 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त में अवमुक्त की गई धनराशि रू0 198.00 लाख 75 प्रतिशत से अधिक धनराशि का उपभोग किया जाना इंगित करते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेशों से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष देय धनराशि रू. 707.80 लाख (रूपए सात करोड़ सात लाख अस्सी हजार मात्र) को निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	**अनुमोदित लागत**	**पूर्व मे अवमुक्त धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1.	रानोपाली में परिक्रमा मार्ग से गणेश चतुर्वेदी के मकान तक सी 0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	45.35	15.00	30.35
2.	शम्सुद्दीनपुर में मिर्जापुर माफी रोड से चन्द्रिका यादव के मकान तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य।	106.70	15.00	91.70
3.	शम्सुद्दीन पुर में प्राथमिक विद्यालय से सैनिक पोस्टर किड्स प्री स्कूल तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	112.11	15.00	97.11
4.	कुशमाहा में अकबरपुर मुख्य मार्ग से राजेन्द्र प्रसाद के मकान तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	108.32	15.00	93.32
5.	शाहजंहापुर में गुड्डू जनरल स्टोर से इमामबाड़ा तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	17.35	15.00	2.35
6.	धरमपुर सहादत में रामसूरत के मकान से राम आशीष के मकान तक सी 0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य।	52.43	15.00	37.43
7.	पलिया शाहबदी में बड़ी नहर से विजय पाण्डेय के मकान होते हुए छोटी नहर तक एवं संलग्न गलियों में सी 0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य।	80.70	15.00	65.70

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	पूर्व मे अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
8.	शहनवां में मो 0 अशलम के मकान से श्री रामधीरज के मकान तक एवं श्री मूलचन्द्र साहू के मकान से काली प्रसाद , अली हसन, मो0 इरफान, श्री पप्पू के मकान तक एवं संलग्न गलियों में रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	31.20	15.00	16.20
9.	गोपाल पुर शारदा सहायक नहर से गोपालपुर सम्पर्क मार्ग तक हॉटमिक्स सड़क व नाली का निर्माण कार्य।	211.81	21.00	84.72
10.	गंजा गांव में पुलिया से धर्मशाला तक हॉटमिक्स सड़क व नाली निर्माण कार्य।	265.35	27.00	106.14
11.	रानोपाली के मोहल्ला सीताराम पुरम कालोनी में विजय श्रीवास्तव के मकान से लालबहादुर यादव के मकान होते हुए हाकिम सिंह के मकान के पास तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	45.73	15.00	30.73
12.	रानोपाली में बिहारी के पुरवा में जोगियाना परिक्रमा मार्ग से श्री चन्द के मकान तक एवं संलग्न गलियों में हाटमिक्स द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	67.05	15.00	52.05
	योग:	**1144.10**	**198.00**	**707.80**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक दिनांक 07 सितम्बर, 2022 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू. 7,07,80,000 (रूपए सात करोड़ सात लाख अस्सी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370304 शहरी क्षेत्रों में सड़कों के चालू कार्यों हेतु एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

संख्या:375/2023/974/35-4-2023/001-35-4099/156/2021 तददिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, अयोध्या मण्डल।
8- नगर आयुक्त, नगर निगम, अयोध्या।
9- मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी अयोध्या।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अयोध्या।
13- अधिशासी अभियंता, नगर निगम, अयोध्या ।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।